अनुक्रमांक _____ मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11+2 मानचित्र

नाम _____

932 **825 (IZ)**

2024

सामाजिक विज्ञान / Social Science

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

सामान्य निर्देश :

i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

iii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों, अ और ब में विभाजित है।

iv) खण्ड-अ में 20 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इनका उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर दिया जाना है। ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर अंकित किए जाने के पश्चात उसे काटें नहीं तथा इरेज़र (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।

v) खण्ड-ब 50 अंकों का है। इसमें दो प्रकार के प्रश्न हैं, वर्णनात्मक-1 तथा वर्णनात्मक-2। मानचित्र सम्बंधी दो प्रश्न (प्र.सं. 29 (क) व 29 (ख)) हैं।

vi) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

vii) दिए गए मानचित्रों को प्रश्न-पत्र से फाड़कर, उन पर उत्तर अंकित कीजिए तथा मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ अवश्य संलग्न कीजिए।

viii) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिए गए हैं।

UPBoardHub

खण्ड - अ / Part - A

(बहुविकल्पीय प्रश्न) / (Multiple Choice Type Questions)

निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित कीजिए।

1. निम्नलिखित में से किसने एक गुप्त संगठन 'यंग इटली' बनाया था ? / Who among the following formed a secret society named 'Young Italy'? **1**

(A) विक्टर इमैनुएल द्वितीय / Victor Emmanuel II
(B) ज्यूसेपे मेत्सिनी / Giuseppe Mazzini
(C) ऑटो वॉन बिस्मार्क / Otto von Bismarck
(D) ज्यूसेपे गैरीबाल्डी / Giuseppe Garibaldi

2. 'कॉर्न लॉ' से संबंधित देश है : / The country related to 'Corn Law' is: **1**

(A) जर्मनी / Germany
(B) सं.रा. अमेरिका / U.S.A.
(C) फ्रांस / France
(D) ब्रिटेन / Britain

3. नेपोलियन बोनापार्ट की पराजय कब हुई थी ? / When was Napoleon Bonaparte defeated? **1**

(A) 1810 (B) 1815 (C) 1817 (D) 1818

4. महामंदी का सबसे बुरा असर पड़ा : / The Great Depression had the worst impact on: **1**

(A) तकनीक पर / Technology
(B) कृषि क्षेत्रक पर / Agriculture sector
(C) परिवहन पर / Transport
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं / None of the above

5. 'गुलामगिरी' किसकी रचना है ? / 'Gulamgiri' (Slavery) was written by: **1**

(A) ज्योतिबा फुले की / Jyotiba Phule
(B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की / Dr. Rajendra Prasad
(C) महात्मा गाँधी की / Mahatma Gandhi
(D) मोतीलाल नेहरू की / Motilal Nehru

6. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय संघ सूची से संबंधित है ? / Which of the following subject is related to Union List? **1**

(A) प्रतिरक्षा / Defence
(B) कृषि / Agriculture
(C) शिक्षा / Education
(D) व्यापार / Commerce

7. भारतीय संविधान में भाषाओं को किस अनुसूची में रखा गया है ? / Languages have been placed in which Schedule of the Indian Constitution? **1**

(A) तीसरी / Third (B) पाँचवीं / Fifth (C) आठवीं / Eighth (D) बारहवीं / Twelfth

8. भारतीय संविधान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ग़लत है ? / Which one of the following statements about India's Constitution is incorrect? **1**

(A) यह धर्म के आधार पर भेदभाव की मनाही करता है। / Prohibits discrimination on grounds of religion.
(B) यह एक धर्म को राजकीय धर्म बताता है। / Gives official status to one religion.
(C) सभी लोगों को किसी भी धर्म का पालन करने की आज़ादी देता है। / Provides all individuals freedom to profess any religion.
(D) किसी धार्मिक समुदाय में सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार देता है। / Ensures equality of all citizens within religious communities.

9. 'जनता का, जनता के लिए शासन' किस शासन व्यवस्था की विशेषता है ? / 'Rule of the people, for the people' is the feature of which system of government? **1**

(A) राजतंत्र की / Monarchy
(B) लोकतंत्र की / Democracy
(C) तानाशाही की / Dictatorship
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं / None of the above

10. लोकतन्त्र के मूल्यांकन की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा बिन्दु लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है ? / In the context of assessing democracy, which among the following points is against the democratic system? **1**

(A) स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव / Independent and Impartial Election
(B) व्यक्ति की गरिमा / Dignity of Person

(C) बहुसंख्यकों का शासन / Rule of Majority
(D) कानून के समक्ष समानता / Equality before Law

11. उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों का निम्नलिखित में से कौन-सा वर्गीकरण सही है ? / Which one of the following is the correct classification of resources on the basis of their mode of origin? **1**

(A) केवल जैव / Only biotic
(B) केवल अजैव / Only non-biotic
(C) जैव और अजैव दोनों / Both biotic and non-biotic
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं / None of the above

12. प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन किस नगर में आयोजित किया गया था ? / In which city was the first International Earth Summit convened? **1**

(A) न्यूयॉर्क / New York
(B) रियो डी जेनेरो / Rio de Janeiro
(C) पेरिस / Paris
(D) नई दिल्ली / New Delhi

13. खरीफ की फसलों के बोए जाने का समय है : / The period of sowing of Kharif crops is: **1**

(A) जून - जुलाई / June - July
(B) अक्टूबर - दिसम्बर / October - December
(C) मार्च - मई / March - May
(D) अगस्त - अक्टूबर / August - October

14. निम्नलिखित में से कौन-सा ऊर्जा खनिज है ? / Which of the following is an energy mineral? **1**

(A) लौह अयस्क / Iron ore
(B) अभ्रक / Mica
(C) प्राकृतिक गैस / Natural Gas
(D) चूना-पत्थर / Limestone

15. कृषि आधारित उद्योग का उदाहरण है : / An example of agro based industry is: **1**

(A) लोहा एवं इस्पात उद्योग / Iron and Steel industry
(B) सूती वस्त्र उद्योग / Cotton Textile industry
(C) रासायनिक उद्योग / Chemical industry
(D) सीमेंट उद्योग / Cement industry

16. भारतीय रेल में रेल प्रखंडों की कुल संख्या है : / In the Indian Railways the total number of Railway Zones is: **1**

(A) 16 (B) 18 (C) 10 (D) 12

17. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का आर्थिक क्षेत्रक है : / The economic sector of information and communication technology is: **1**

(A) प्राथमिक / Primary
(B) द्वितीयक / Secondary
(C) तृतीयक / Tertiary
(D) चतुर्थक / Quaternary

18. उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ था ? / In which year was the Consumer Protection Act passed? **1**

(A) 1992 (B) 1986 (C) 1990 (D) 1995

19. किसी देश का विकास आधारित होता है : / The development of a country is based on: **1**

(A) प्रति व्यक्ति आय पर / Per Capita Income
(B) औसत साक्षरता दर पर / Average Literacy Rate
(C) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति पर / Health condition of the people
(D) उपर्युक्त सभी / All of the above

20. 'मनरेगा' कार्यक्रम किस वर्ष प्रारंभ हुआ था ? / In which year was the MGNREGA programme started? **1**

(A) 2000 (B) 1995 (C) 2005 (D) 2010

खण्ड - ब / Part - B

(वर्णनात्मक-1) / (Descriptive-1)

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए। / Answer the following questions in about 80 words.)

1. प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा ? / Why did industrial production in India increase during World War-I? **4**

अथवा / OR

जी-77 देशों से आप क्या समझते हैं ? / What do you understand by G-77 countries? **4**

2. 'लोकतन्त्र शासन की अन्य व्यवस्थाओं से बेहतर है।' स्पष्ट कीजिए। / 'Democracy is better than other types of government.' Explain. **4**

अथवा / OR

लोकतन्त्र किस प्रकार उत्तरदायी, ज़िम्मेवार और वैध सरकार का गठन करता है ? / How does democracy organise an accountable, responsive and legitimate government? **4**

3. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? भारतीय उद्योगों पर इसके प्रभाव का उल्लेख कीजिए। / What do you mean by Globalization? Mention its impact on industries in India. **2+2=4**

अथवा / OR

भारत में रेल परिवहन के विकास पर प्रकाश डालिए। / Throw light on the development of railways in India. **4**

4. मृदा अपरदन को रोकने के कोई दो उपाय सुझाइए। / Suggest any two measures to prevent soil erosion. **2+2=4**

अथवा / OR

चतुर्थक क्षेत्रक अन्य क्षेत्रकों से कैसे अलग है ? दो उदाहरणों सहित इसकी व्याख्या कीजिए। / How is the quaternary sector different from other sectors ? Explain it with two examples. **2+2=4**

(वर्णनात्मक-2) / (Descriptive-2)

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। / Answer the following questions in about 150 words.)

5. सत्याग्रह का क्या अभिप्राय है ? सत्याग्रह के संबंध में महात्मा गाँधी के क्या विचार थे ? / What is meant by Satyagraha ? What were the views of Mahatma Gandhi about Satyagraha? **2+4=6**

अथवा / OR

भारत में राष्ट्रवाद के उदय के प्रमुख कारणों की व्याख्या कीजिए। / Explain the main reasons for the rise of nationalism in India. **6**

6. भारत की संघीय शासन व्यवस्था की विशिष्टताओं का वर्णन कीजिए। / Describe the specific features of the Federal system of government in India. **6**

अथवा / OR

'भारत एक पंथनिरपेक्ष देश है।' किन्हीं तीन प्रावधानों के आधार पर स्पष्ट कीजिए। / 'India is a secular country.' Explain on the basis of any three provisions. $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 6$

7. भारतीय वनों के आर्थिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। / Explain the economic importance of Indian forests. **6**

अथवा / OR

भारत में खनिज तेल (पेट्रोलियम) के उत्पादन एवं वितरण का वर्णन कीजिए। / Describe the production and distribution of mineral oil (petroleum) in India. **3+3=6**

8. आर्थिक विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। / Analyse the role of loan in economic development. **6**

अथवा / OR

भारत में उपभोक्ता आन्दोलन का परिचय दीजिए। / Give an account of the Consumer Movement in India. **6**

(मानचित्र-सम्बन्धी प्रश्न) / (Questions related to Map)

29.(क) निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में, चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। / In the given outline map of India, locate the following places by the symbol with names. For correct mention of name and location $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ marks have been allotted.

i) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितम्बर 1920 में हुआ था। / The place where the session of Indian National Congress was held in September 1920. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

ii) वह जनपद जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटी थी। / The district where Jallianwalla Bagh incident took place. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iii) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आन्दोलन हुआ था। / The place where the Indigo Farmers Movement took place. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iv) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया था। / The place where cotton mill workers held Satyagraha. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) वह जनपद जहाँ चौरी-चौरा की घटना घटी थी। / The district where Chauri Chaura incident took place. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

29.(ख) निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में, चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। / In the given outline map of India, locate the following places by symbol with names. For correct mention of name and marking of location $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ marks have been allotted.

i) ओडिशा राज्य की एक प्रमुख नदी चिह्न द्वारा, नाम सहित। / One important river of Odisha State by symbol with name $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

ii) मध्य प्रदेश का राजधानी नगर चिह्न द्वारा, नाम सहित। / The capital city of Madhya Pradesh by symbol, with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iii) सूती वस्त्र उद्योग का एक केन्द्र (SS) चिह्न द्वारा, name सहित। / One centre of Cotton Textile Industry by symbol (SS), with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iv) एक प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक क्षेत्र चिह्न द्वारा, नाम सहित। / An important Iron Ore producing region by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) पश्चिमी तट का एक बन्दरगाह (समुद्री पत्तन) $\triangle$ चिह्न द्वारा, नाम सहित। / A sea port on the Western Coast by symbol $\triangle$, with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 (क) के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)

(Only for Visually-Impaired Examinees in lieu of Q. No. 29 (a) Map-Work)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए। / **Instructions :** Write answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.

i) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितम्बर 1920 में कहाँ हुआ था ? / Where was the session of Indian National Congress held in September 1920? **1**

ii) जलियाँवाला बाग की घटना किस जनपद में घटी थी ? / In which district did Jallianwalla Bagh incident take place? **1**

iii) नील की खेती करने वाले किसानों का आन्दोलन किस स्थान पर हुआ था ? / Where did the Indigo Farmers Movement take place? **1**

iv) सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किस स्थान पर किया था ? / Where did cotton mill workers hold Satyagraha? **1**

v) चौरी-चौरा की घटना किस जनपद में हुई थी ? / In which district did Chauri Chaura incident take place? **1**

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 (ख) के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)

(Only for Visually-Impaired Examinees in lieu of Q. No. 29 (b) Map-Work)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए। / **Instructions :** Write answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.

i) ओडिशा राज्य की एक प्रमुख नदी का नाम लिखिए। / Write the name of one important river of Odisha State. **1**

ii) मध्य प्रदेश के राजधानी नगर का नाम लिखिए। / Write the name of the capital city of Madhya Pradesh. **1**

iii) सूती वस्त्र उद्योग के एक केन्द्र का नाम लिखिए। / Name a center of Cotton Textile Industry. **1**

iv) एक प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक क्षेत्र का नाम लिखिए। / Write the name of an important Iron Ore producing region. **1**

v) पश्चिमी तट के एक बन्दरगाह (समुद्री पत्तन) का नाम लिखिए। / Write the name of a sea port on the Western Coast. **1**